**कार्यालय संचालक**
**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय**
**ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

---

क्रमांक 66 /वि.स.–जुलाई /2026 नवा रायपुर, दिनांक 30/ 6 /2026

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग,
महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर

**विषय–** **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 796 तारांकित द्वारा श्रीमती चातुरी नंद, सदस्य विधानसभा की जानकारी अग्राहय/संशोधन कराने के संबंध में।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न 796 तारांकित द्वारा श्रीमती चातुरी नंद, सदस्य विधानसभा में पूछे गये प्रश्न के प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' में वर्ष 2024–25 से जून 2026 तक महासमुंद जिले में राशन सामग्री वितरण में गड़बड़ी की शिकायत का पूर्ण विवरण एवं जानकारी प्रकरणवार चाही गई है।

2. उपरोक्त संदर्भ में 30 माह में राशन सामग्री वितरण के संबंध में प्राप्त शिकायतों की प्रकरणवार जानकारी अंत्यत विस्तृत होगी। विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अध्याय 7 कंडिका 36 (16) में प्रावधान है कि– उसमें ऐसे नीति के प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे जो इतनी विस्तीर्ण हो की प्रश्न उत्तर की सीमा के भीतर न आ सके।

अतः उपरोक्त विधानसभा प्रश्न के प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' को अग्राहय/संशोधन कराने का कष्ट करें।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**
**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **महासमुंद जिले में राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों पर कार्यवाही**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **796** ) **श्रीमतीचातुरी नन्द**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) महासमुंद जिले में राशन वितरण में गड़बड़ी की कितनी शिकायतें 2024-25 से 20 जून, 2026 की स्थिति में प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायतों पर कब-कब क्या कार्रवाई की गई है ? शिकायतकर्ता का नाम, शिकायत विवरण, कार्रवाई की जानकारी विधानसभावार बताएं ?

(ख) क्या राशन वितरण में गड़बड़ी पर एफआईआर का प्रावधान है ? यदि हां, तो कितने प्रकरणों में एफआईआर की कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं की गई है? विधानसभावार प्रकरण सहित जानकारी बताएं ?

**Sent From :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण | **Sent Date :** 30/06/2026 05:20:26 | **Target Date :** 06/07/2026

**Remark : उपरोक्त संबंध में उत्तर तैयार कर दिनांक 06.07.2026 अनिवार्य रूप से विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।**